उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 15.03.2026

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उ0नि0 सीधी भर्ती परीक्षा–2025 के दृष्टिगत परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण, सुरक्षित, निष्पक्ष व सुचितापूर्ण परीक्षा हेतु व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश...

आज दिनांक 15.03.2026 को जिलाधिकारी महोबा श्रीमती ग़ज़ल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जनपद महोबा में आयोजित उ0नि0 (उप निरीक्षक) सीधी भर्ती परीक्षा–2025 को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह सहित समस्त पुलिस/प्रशासनिक अमले के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षाकेंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केंद्रों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा जांच, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया। साथ ही ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की सतर्कता, तैनाती एवं उनके द्वारा निभाए जा रहे दायित्वों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी, सुचितापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा सके।

उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित गतिविधि, नकल अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित समस्या उत्पन्न न होने पाए। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निरंतर निगरानी बनाए रखते हुए पूरी सजगता के साथ कार्य करें।

इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास सघन चेकिंग अभियान चलाने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं नियंत्रित बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।